सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 93 | इंदौर, बुधवार 16 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. SC: 'अगर आदेश का पालन नहीं हुआ तो...', वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की हरियाणा और पंजाब को चेतावनी

2. हरियाणा का नया CM कौन: अमित शाह की मौजूदगी में आज चुना जाएगा भाजपा विधायक दल का नेता, पंचकूला में होगी बैठक

3. बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: तीन महीने पहले से रची जा रही थी साजिश, आरोपियों ने यूट्यूब से सीखा था गोली चलाना

4. Bahraich Violence: हिंसा की आड़ में माहौल बिगाड़ने की रची थी साजिश... बहराइच कांड का पाकिस्तान से कनेक्शन!

5. Bihar News : पटना की पॉश कॉलोनी में डबल मर्डर; बिस्कोमान के रिटायर्ड अधिकारी और उनकी पत्नी को मार डाला

6. S Jaishankar: एससीओ बैठक में पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर, पीएम शहबाज शरीफ से मुस्कुराकर बात करते दिखे

# 200 डैम फुल : 44 जिलों में कोटे से ज्यादा बारिश

### मानसून...देरी से लेकिन दुरुस्त आया ... उज्जैन बाउंड्री पर; रीवा में सबसे कम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून ने अपना सफर पूरा कर लिया है। पिछली बार प्रदेश के आधे से ज्यादा जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई लेकिन इस बार लोगों को मानसून से ये शिकायत नहीं है। 44 जिलों में कोटे से ज्यादा बारिश हुई है। नतीजा ये रहा है कि सोयाबीन का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 2 क्विंटल तक बढ़ सकता है। गेहूं और चने के किसान भी खुश हैं।

#### पेयजल संकट नहीं रहेगा

इस मानसून में प्रदेश के 282 में से 200 से ज्यादा डैम भर गए। इससे बड़े शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में पीने का भरपूर पानी मिल सकेगा। भोपाल के 3 बांध- भदभदा, कोलार और केरवा डैम के फुल होने से 23 से 25 लाख की आबादी को अगले एक साल तक पीने के पानी की किल्लत नहीं होगी। इसी तरह ग्वालियर के तिघरा डैम, जबलपुर के बरगी समेत इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, मड़ीखेड़ा, भदभदा, तवा, मोहनपुरा, हलाली, अटल सागर, बानसुजारा, जोहिला समेत कई बांधों में भरपूर पानी है।

बुंदेलखंड के मैदान से मालवा के पठार तक 282 में से 200 से ज्यादा डैम करीब 100 फीसदी भर चुके हैं। सिंचाई और बिजली उत्पादन की चिंता खत्म हो गई है। भू-जलस्तर बढ़ने से पीने के पानी की किल्लत भी दूर होगी। सात दिन देरी से आया मानसून दुरुस्त गया है और सबको राहत बांट गया है।

#### सबसे ज्यादा बारिश मंडला जिले में

इंदौर समेत 5 जिलों में सामान्य के बराबर पानी गिरा। उज्जैन बाउंड्री पर रहा जबकि रीवा में सबसे कम बारिश हुई। पिछली बार 27 जिलों में कम बारिश हुई थी। इस बार सिर्फ 3 जिले ही इस दायरे में रहे।

ओवरऑल तस्वीर पर नजर डालें तो एमपी में 37.3 इंच की बजाय 44.1 इंच बारिश हो गई, जो 18% ज्यादा है। श्योपुर-भिंड में सामान्य से दोगुनी बारिश हो गई। जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर में अच्छा पानी गिरने के बाद 2 अक्टूबर से मानसून की विदाई शुरू हो गई।

15 अक्टूबर को आखिरी 6 जिले- बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, दक्षिणी सिवनी और बालाघाट से भी मानसून लौटने की घोषणा कर दी गई। सबसे ज्यादा बारिश मंडला जिले में 60.6 इंच और सबसे कम बारिश रीवा में 29.2 इंच हुई।

#### 21 जून को एंटर हुआ था मानसून

मध्यप्रदेश में इस साल मानसून 21 जून को आया। इससे पहले प्री-मानसून भी एक्टिव रहा। जून में कोटे के बराबर बारिश हुई तो जुलाई में कोटे से ज्यादा पानी गिर गया। ऐसा ही अगस्त-सितंबर में भी रहा। इस वजह से सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई।

मानसून की विदाई 15 अक्टूबर तक हुई। पिछले 10 साल में दूसरी बार मानसून सबसे लेट लौटा है। इससे पहले साल 2020 को 14 जून को एंट्री और 21 अक्टूबर को विदाई हुई थी।

# एसडीएम अस्पताल एवं छात्रावास आश्रमों का सघन निरीक्षण करें

## राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित हो

**◆ संभागायुक्त की अध्यक्षता में संभागीय कलेक्टर कान्फ्रेंस का हुआ आयोजन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभाग के समस्त शासकीय चिकित्सालयों, छात्रावास एवं आश्रमों का राजस्व अधिकारी सघन निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लें। समस्त राजस्व अमला राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लेटलतीफी और कोताही ना हो। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत का तय समय-सीमा में निराकरण किया जाये। शिकायत के एल-1 स्तर पर नॉन अटेंड करने वाले संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समस्त जिलों में रिकार्ड रूम की सुरक्षा और सीसीटीवी से निगरानी सुनिश्चित हो। विस्फोटक नियंत्रण अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। फटाका दुकानें खुले स्थान पर और सभी सुरक्षा प्रबंधों के साथ ही संचालित हो। यह सुनिश्चित कराया जाये।

यह निर्देश इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने संभागीय कलेक्टर कान्फ्रेंस में दिये। आज इंदौर में संभागीय कलेक्टर कान्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इसमें इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, अलीराजपुर कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर, बड़वानी कलेक्टर डॉ राहुल फटिंग, खरगोन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, खंडवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, बुरहानपुर कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल, उपायुक्त श्रीमती सपना लोवंशी, झाबुआ जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र सिंह चौहान सहित संभाग के समस्त राजस्व अधिकारी गण उपस्थित थे।

संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में जिलेवार एजेंडे अनुसार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने जिलेवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में एल-1 स्तर पर नॉन अटेंड प्रकरणों पर संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित हो। प्रतिदिन प्रगति की मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने संभाग के दूरस्थ जिलों के क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में जन सुनवाई के लिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश कि समस्त शासकीय चिकित्सालयों का सघन निरीक्षण किया जाये। जहां सफाई, चिकित्सकों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाये। समस्त राजस्व अधिकारी शासकीय छात्रावास एवं आश्रमों का नियमित निरीक्षक करें। बेहतर व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन के साथ शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाये। बच्चों से व्यवस्थाओं के साथ-साथ शिक्षण गुणवत्ता का फीड बेक भी लिया जाये। स्कूलों के सभी बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा आभा कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पटवारी की ग्राम स्तर पर उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो। संभाग स्तर से किसी भी अधिकारी-कर्मचारी पर होने वाली दंडात्मक कार्यवाही को अनिवार्य रूप से सर्विस बुक में दर्ज किया जाए। कार्यवाही की रिपोर्ट दस्तावेज सहित आयुक्त कार्यालय में प्रस्तुत की जाये। सभी जिलों में चेरिटेबल कार्यों से जुडी संस्थाओं की नियमावली का निरीक्षण किया जाए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि संभाग में सभी जिले में जहां पट्टे पर किसी को, सोसायटी, मंदिर आदि के लिए शासकीय जमीन दी गई है उसे खसरे में अनिवार्य रूप से अहस्तान्तरणीय शब्द दर्ज करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सायबर तहसील में कोई पेंडेंसी ना रहें। राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निपटारा किया जाए। नक्शा सुधार के कार्य को अभियान के रूप में पूर्ण करें। नक्शा तरमीम की साप्ताहिक मानिटरिंग की जाए। सभी जिले में सिविल लाइन विकसित करने के लिये प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में विस्फोटक एवं फटाका लाइसेस की जांच हो। फटाका दुकानें खुले स्थान पर, सभी सुरक्षा प्रबंधों के साथ लगे और फायर सेफ्टी के पर्याप्त प्रबंध हो। उन्होंने निर्देश कि लोक सेवा गारंटी के कार्यों प्रतिदिन मॉनिटरिंग हो, समय सीमा में कार्यवाही नहीं करने वालों पर कार्यवाही की जाए। बैठक में जिले वार सोयाबीन उपार्जन के लिये किए गए प्रबंधों एवं प्रगति की समीक्षा भी की गई। संभागायुक्त दीपक सिंह ने राजस्व अभियान 2.0 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# सभी सेंचुरी में इको सेंसेटिव जोन का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए

### पंचायत स्तर पर पैक्स समितियों के चिन्हांकन की कार्यवाही की जाए - एसीएस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वन एवं सहकारिता विभाग के एसीएस अशोक वर्णवाल ने इंदौर संभाग के राजस्व अधिकारियों की बैठक ली।**

श्री वर्णवाल ने निर्देश दिए कि रिज़र्व फॉरेस्ट के फाइनल नोटिफिकेशन के ब्लॉकवार आर्डर जारी किए जाये। इस कार्य के लिए संबंधित डीएफओ और एसडीएम आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने वन भूमि सीमा विवाद के निराकरण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर संभाग में स्थित सेंचुरी में इको सेंसेटिव जोन का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए तथा राजस्व नक्शे पर संबंधित इको सेंसेटिव झोन की जानकारी दर्ज करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वन अधिकार पट्टे प्राप्त हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लाभ से जोड़ने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) जिनके माध्यम से दुग्ध उत्पादन, मछली पालन सहित अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही है। ऐसी सभी समितियों की मैपिंग की जाए। उन्होंने पंचायत स्तर पर इन समितियों के चिन्हांकन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की समितियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के लिए मांगी गई अनुमतियों को प्राथमिकता से प्रदान करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर को शत-प्रतिशत पैक्स से जोड़ने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी गृह निर्माण सहकारी संस्थाएं जो कार्यशील नहीं है उनके परिसमापनाधीन की कार्वाई की जाए। सहकारी बैंकों को टर्म ऋण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत स्प्रिंकलर तकनीक से सिंचाई कार्यों को गति देने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शत प्रतिशत संस्थाओं के अंकेक्षण की ऑडिट आगामी एक माह में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

# शरद पूर्णिमा आज...आसमान से बरसेगा अमृत

## बर्फानी धाम पर निशुल्क औषधि युक्त खीर का वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शरद पूर्णिमा का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के अनेक मंदिरों और आश्रमों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मान्यता है कि आज के दिन आसमान से अमृत बरसता है इसके चलते चंद्रमा की किरणे दूध अथवा खीर में गिरे इसलिए घरों की छतों पर लोग खीर या दूध से बनी खाद्य सामग्री रखते हैं। वहीं शहर के अनेक मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर खीर प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।**

पूर्वी क्षेत्र के अद्वितीय सिद्ध स्थान दादा बर्फानी धाम आश्रम पर शरद पूर्णिमा महोत्सव तीन दशक से मनाया जा रहा है यहां पर औषधि युक्त( दमा, शुगर , ब्लड प्रेशर और सामान्य व्याधियों को दूर करने वाली)खीर का वितरण शरद पूर्णिमा की रात्रि में किया जा रहा है। इस आयोजन क साल भर हजारों श्रद्धालुओं को इंतजार रहता है

मंगलवार को आश्रम परिसर में अखंड रामायण पाठ और वैदिक मंत्र उपचार के साथ भजन कीर्तन का दौर शुरू हो गया है सैकड़ो की संख्या में मां राजराजेश्वरी त्रिपुरा सुंदरी, मां बगलामुखी मां बाल त्रिपुरा सुंदरी आदि प्रतिमाओं के दर्शन के लिए सैकड़ो श्रद्धालु आश्रम परिसर में पहुंच रहे हैं।महामंडलेश्वर भरत दास महाराज ने बताया कि राजयोगी परम पूज्य दादा बर्फानी ने इस आश्रम की स्थापना वर्षों पहले की थी तकरीबन तीन दशक से ज्यादा समय से निशुल्क औषधि युक्त खीर का वितरण शरद पूर्णिमा के अवसर पर किया जातारहा है इस वर्ष भी यह परंपरा जारी रहेगी, तकरीबन 5000 से ज्यादा भक्त यहां पर औषधि युक्त खीर प्रसादी के लिए आश्रम परिसर में पहुंचते हैं इस बार भक्तों की दुगनि संख्या पहुंचने के आसार हैं इसलिए आश्रम परिसर में सेवादारों ने बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाएं भी कर रखी है। मंडलेश्वर भरत दास महाराज ने बताया कि दशहरे से आश्रम परिसर में अखंड रामायण पाठ शुरू हुई है 16 अक्टूबर की शाम को पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महा आरती की जाएगी तत्पश्चात औषधि युक्त खीर का वितरण किया जाएगा।पूर्वी क्षेत्र स्थित बर्फानी धाम आश्रम हमेशा से ही एम आर 9 रोड (मालवीय नगर) से गुजरने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है इस आश्रम का दक्षिण भारतीय पद्धति में बना प्रवेश द्वार सबका मन अपनी ओर आकर्षित करता है। अधिष्ठाता महामंडलेश्वर भरत दास जी महाराज ने बताया कि 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर मध्य रात्रि में औषधि युक्त खीर का वितरण निशुल्क किया जाएगा, इस अवसर पर दमा,शुगर, और ब्लड प्रेशर के लिए अलग-अलग औषधि युक्त खीर का वितरण किया जाता है इसके साथ ही सामान्य श्रद्धालुओं के लिए भी हजारों लीटर खीर का वितरण इस दिन किया जाता है सामान्यतः 5000 से ज्यादा श्रद्धालु प्रसादी लेने यहा पहुचते है। दमा, ब्लड प्रेशर और शुगर की बीमारियों से पीड़ित हजारों लोग साल भर शरद पूर्णिमा का इंतजार इस औषधि युक्त खीर के लिए करते हैं।

### हिमाचल, उत्तराखंड के दुर्लभ जड़ी बूटियां से तैयार

महामंडलेश्वर भरत दासजी महाराज ने बताया कि शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर को औषधि युक्त खीर के वितरण के लिए आश्रम में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं इस दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां प्रसादी के लिए शामिल होते हैं भक्तों की आस्था और श्रद्धा को देखते हुए आश्रम परिवार के डेढ़ सौ से ज्यादा सेवादार भी व्यवस्था को सुचारु करने के लिए अलग-अलग दायित्वों को निभाएंगे जिनकी जिम्मेदारियां दी जा चुकी हैं, शरद पूर्णिमा के अवसर पर आश्रम में निर्मित होने वाली प्रसादी खीर मे उत्तराखंड, हिमाचल , बिहार व अन्य क ई दुर्लभ स्थान के गहन जंगलों से जड़ी बूटियां एकत्रित की जाती है, जिसका उपयोग दुर्लभ खीर बनाने में किया जाता है।

# मुख्यमंत्री ने किया पदक विजेता, खिलाड़ी मानवी जैन का स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने हाल ही में पेरू में आयोजित विश्व जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर पिस्टल इवेंट में कॉस्य पदक और टीम गेम में नए विश्व कीर्तिमान के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली इंदौर की युवा खिलाड़ी मानवी जैन को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवम तुलसी सिलावट ने भी मानवी जैन को स्वर्णिम उपलब्धि पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को मिठाई भी खिलाई।**

इस मौके पर मध्यप्रदेश ओलंपिक एवम शूटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक रमेश मेंदोला ,शहर बीजेपी अध्यक्ष गौरव रणदिवे , महापौर पुष्यमित्र भार्गव और प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा भी मौजूद थे। प्रारम्भ में प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन 'टीनू 'ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मानवी जैन, बड़ी बहन राष्ट्रीय पदक विजेता सूर्यानी जैन एवं राष्ट्रीय पदक विजेता पिता विवेक जैन की उपलब्धियों की जानकारी दी। स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने मुख्यमंत्रीजी से अनुरोध किया कि प्रदेश में निशानेबाजी के खिलाड़ियों को भी उचित प्रोत्साहन दिया जाए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेल विभाग से हरसंभव सहयोग का वादा किया।

# हादसे में रिटायर्ड एसआई की मौत, पत्नी घायल

## धार से बाइक से आए थे, बेटे से मिलकर लौटते समय हुआ हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रिटायर्ड एसआई की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह अपने बेटे और पोते से मिलने धार से आए थे। शाम को वापस धार जाने के दौरान हादसे का शिकार हो गए। हादसे में उनकी पत्नी भी घायल हुई है। उनका उपचार चल रहा है।

गांधी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छीतर सिंह सिसौदिया (68), निवासी मंडलावदा (धार) की सडक़ हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी तेजूबाई (62) घायल हुई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छीतर सिंह अपनी पत्नी के साथ इंदौर से धार की तरफ जा रहे थे। दिलीप नगर के पास उनकी बाइक को सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। दंपती दूर जा गिरे। जिसमें छीतर सिंह के सिर में चोट आई थी। उन्हें एंबुलेंस से नजदीक के अस्पताल भेजा गया। यहां से एमवाय भेज दिया। रात में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### छोटे बेटे और पोतो से मिलने आए थे इंदौर

छीतर सिंह के बेटे ओमप्रकाश इंदौर में पिकअप चलाते हैं और भवानी नगर में रहते हैं। यहां पर बेटे-पोते से मिलने के बाद वह अपने घर जा रहे थे। ओमप्रकाश का बड़ा बेटा उपेन्द्र मंडलावदा में रहता है। जो निजी कंपनी में काम करता है। वहीं एक बेटी भी है। पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने वाली बाइक जब्त कर ली गई है। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया था। उसकी तलाश की जा रही है।

# कर्मचारी के वेतन से रुपए काट हितग्राही को दिलवाए

## नगर निगम आयुक्त ने जनसुनवाई में किया आवेदनों का निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त ने जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार के आवेदनों का निराकरण किया। हाथों हाथ आवेदकों को राहत दी गई। केवाईसी नहीं करने पर कर्मचारी के वेतन से रुपए काटकर हितग्राही को दिलवाए गए।**

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान पेंशन हितग्राही लक्ष्मीबाई वाडिया द्वारा पेंशन नहीं मिलने का आवेदन देने पर जांच में पाया गया कि केवायसी समय पर नहीं करने से लक्ष्मीबाई को पेंशन नहीं मिली।

उन्होंने जोन क्रमांक 9 के एनआरवाय प्रभारी के वेतन से 1 हजार की राशि काटकर संबंधित हितग्राही को दिलवाई। साथ ही पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

इसी तरह प्रमोद कनेरिया को उनके पिता की मृत्यु पर पिछले 4 साल से अनुकंपा नियुक्ति प्रदान नहीं की गई थी। केस का निराकरण कर प्रमोद को ड्राइवर के पद पर हाथों-हाथ नियुक्ति आदेश दिया। जनसुनवाई में 18 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

# दुकान में लगाई थी आग, पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा क्षेत्र में दो दिन पहले एक स्क्रैप दुकान में आग लगाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान हुई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों का इलाके में सार्वजनिक जुलूस निकाला, जहां वे माफी मांगते हुए नजर आए।

बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक सतीश कुमावत की शिकायत पर अर्जुन नायक और विनाद उर्फ घोड़ा पर आगजनी का केस दर्ज किया गया। इसके बाद दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। मंगलवार को उनका इलाके में जुलुस भी निकाला गया। आरोपियों ने कबूला कि दुकानदार सतीश द्वारा रूपए नही देने की बात पर उन्होंने दुकान में आग लगाई थी।

**सीसीटीवी फुटेज देख गिरफ्तारी हुई-** दो दिन पहले पीड़ित दुकानदार सतीश कुमावत की स्क्रैप की दुकान में अचानक आग लग गई थी, जिससे न केवल उसकी दुकान, बल्कि आसपास के बहादुर और एक अन्य व्यापारी का ढाबा भी जलकर खाक हो गया। शुरुआत में पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज नहीं किया था, लेकिन जब सतीश ने घटना के सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपे, तब जाकर कार्रवाई शुरू हुई।

# घर के पास युवक को चाकू मार, हालत गंभीर

## चाकूबाजी की दो और वारदात में 3 युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में सोमवार देर रात एक 19 साल के युवक पर चार बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रिंस (19) पिता विजय, निवासी मूसाखेड़ी को उसके परिजन उपचार के लिए रात करीब 12.30 बजे एमवाय अस्पताल लेकर आए थे। प्रिंस के शरीर पर चाकू के करीब 5 वार थे। परिजनों ने बातचीत में बताया कि इलाके में रहने वाले शुभम, राजा, करण और अंबू से उसका पुराना विवाद चल रहा है। आरोपियों ने एक मत होकर प्रिंस को अकेला देखकर उस पर हमला कर दिया। परिवार के लोग बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने हथियार लहराकर उन्हें भी धमकाया। प्रिंस के परिवार में उसका भाई है। वह डिस्पोजल बनाने का काम करता है। घर पर ही इसकी मशीन लगा रखी है।

### बार से निकलते ही युवक को मारे चाकू

इधर, छोटी ग्वाल टोली पुलिस ने भी चाकूबाजी के एक अन्य मामले में अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक सचिन पुत्र संजय साहू निवासी बीके सिंधी कॉलोनी अपने दोस्त गौरव भाले के साथ मधुमिलन के पास डीलक्स बार में शराब पी रहा था। इस दौरान गौरव की रुपए के लेनदेन को लेकर किसी से बहस चली रही थी। रात करीब 12 बजे के बाद वह बार से बाहर निकले तो बार के बाहर एक युवक से गौरव की कहासुनी हुई। इस पर सचिन ने उसे समझाया तो आरोपी ने चाकू निकालकर पेट में मार दिया। इसके बाद गौरव बाइक से दोस्त को थाने ले गया। यहां से उपचार के लिए एमवाय भेजा।

### कार फोड़ी, दो दोस्तों को मारे चाकू

एरोड्रम पुलिस ने भी पांच दिन पहले हुए एक चाकूबाजी के प्रकरण में दो घायलों के बयान होने के बाद सोमवार को नकाबपोश लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 9 अक्टूबर की रात की है। विशाल पुत्र मदरू सोलंकी, निवासी शिवाजी मार्ग देपालपुर अपने दोस्त अर्जुन पुत्र नंदू बाथम निवासी मंगलेश्वर मार्ग देपालपुर और सुनील सोलंकी के साथ बिजासन माता मंदिर गए थे। वापस लौटते समय बांगड़दा के यहां पर उनकी कार को पीछे से आई एक कार में सवार नकाबपोश युवक और बाइक सवारों ने रोका और कार से उतार कर मारपीट करते हुए विशाल और अर्जुन को चाकू मार दिए। इस दौरान सुनील खेत में भाग गया। आरोपियों ने कार के कांच फोड़ दिए। बाद में सुनील ने मदद मांगकर दोनों दोस्तों को विजय नगर इलाके के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों के बयान आरोपियों पर कार्रवाई की गई।

# इंदौर से 6 ट्रेनों को रोज चलाने की मांग

## अभी हफ्ते में 2-3 दिन ही चल रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर से चलने वाली 6 ट्रेनों को रोज चलाने की मांग रेल मंत्रालय से की गई है। रेल मंत्रालय से यह मांग क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य जगमोहन वर्मा ने की है। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर यात्री संख्या और दबाव को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का अनुरोध किया है। वर्तमान में इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन, इंदौर-जयपुर सुपरफास्ट और इंदौर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन, इंदौर-पुरी हमसफर, इंदौर-दिल्ली सराय रोहिल्ला, और इंदौर-बीकानेर महामना एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती हैं। जगमोहन वर्मा ने इन ट्रेनों के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि शिप्रा एक्सप्रेस की रोजाना सेवा की घोषणा पूर्व रेल मंत्री पीयूष गोयल ने 2018 में की थी, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है।

**शहर को दूसरे राज्यों से जोड़ती यह ट्रेनें-** वर्मा ने बताया कि इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस मध्यप्रदेश को महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, और ओडिशा से जोडने वाली एकमात्र ट्रेन है, जो सप्ताह में सिर्फ एक दिन चलती है। इसी तरह, इंदौर-बीकानेर महामना एक्सप्रेस मालवा को भीलवाड़ा, चित्तौडगढ़ और अजमेर से जोड़ती है, और इसे रिंगस तक चलाने से खाटू श्याम जाने वाले भक्तों को भी सुविधा मिलेगी। मुंबई के लिए अवंतिका एक्सप्रेस के अलावा कोई अन्य सीधी ट्रेन रोजाना नहीं है, इसलिए दुरंतो एक्सप्रेस को भी प्रतिदिन चलाने की जरूरत है। जयपुर के लिए भी दो दिन की ओवरनाइट ट्रेन पर्याप्त नहीं है, इसी कारण सुपरफास्ट एक्सप्रेस को रोजाना चलाने की मांग की गई है। वर्मा ने बताया कि हमने ट्रेनों के परिचालन को बढ़ाने की मांग रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक से भी की है।

**फरवरी से शांति एक्सप्रेस एलएचबी रेक से चलेगी-** इधर, पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंदौर-गांधीनगर कैपिटल-इंदौर शांति एक्सप्रेस को 01 फरवरी 2025 से पारंपरिक आईसीएफ रेक की जगह आधुनिक एलएचबी रेक से चलाने का निर्णय लिया है। यह रेक अधिक सुरक्षित और आरामदायक होगा। ट्रेन संख्या 19310 इंदौर-गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस 01 फरवरी 2025 से और 19309 गांधीनगर कैपिटल-इंदौर एक्सप्रेस 02 फरवरी 2025 से एलएचबी रेक से संचालित होगी। ट्रेन में एक फर्स्ट एसी, दो सेकंड एसी, छः थर्ड एसी, सात स्लीपर और चार सामान्य कोच होंगे।



## रिदम बैंड के मिश्रा का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री वैष्णव धाम गरबा महोत्सव में संगीत से आयोजन को भव्य बनाने वाले इंटरनेशनल रिदम बैंड के राजेश मिश्रा गुड्डू का सम्मान किया गया, आयोजक रचना विकास गुप्ता और नृत्य गुरु रेखा जनक गांधी ने सम्मान पत्र और माता जी की चुनड़ी श्रीफल देकर राजेश मिश्रा का सम्मान किया, इंटरनेशनल रिदम बैंड ने 9 दिवस काठियावाड़ी गुजराती गरबों की प्रस्तुति दी।

## ऑनलाइलन आवेदन आमंत्रित

इंदौर। केन्द्रीय दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना तहत वर्ष 2024-25 के लिये संबंधित विद्यार्थियों से प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर 30 जून 2024 से दाखिल किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल की सेवाएं अब कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर भी उपलब्ध हैं। आवेदक अपने नजदीकी सीएससी पर जाकर छात्रवृत्ति योजना से जुड़ी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# बुधनी-विजयपुर सीट पर 13 नवंबर को वोटिंग, 23 को उपचुनाव के

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मंगलवार को मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर तारीख सामने आ गई। प्रदेश की दो सीटों बुधनी और विजयपुर में चुनाव होंगे। दोनों ही प्रमुख पार्टियां इसे लेकर पूरा जोर लगा रही हैं। इसमें से एक सीट विजयपुर पहले कांग्रेस के पास तो बुधनी भाजपा के पास थी। हालांकि, कांग्रेस विधायक के भाजपा में शामिल होने के बाद ही विजयपुर में यहां उपचुनाव होना है।

मध्यप्रदेश की बुधनी (सीहोर) और विजयपुर (श्योपुर) विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का एलान कर दिया गया है। मुख्य चुनाव आयोग ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान करने के साथ ही मध्यप्रदेश की इन दोनों सीटों पर होने वाले चुनाव की तारीख भी घोषित कर दी है। विजयपुर और बुधनी सीट पर 13 नवंबर को चुनाव होंगे, जबकि 23 नवंबर को रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

बुधनी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निर्वाचित हुए थे। अब विदिशा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया था। इसके कारण सीट खाली हो गई। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रामनिवास रावत ने भाजपा की सदस्यता ले ली और मंत्री बनाए जाने के बाद विधानसभा की सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया था। इस वजह से यहां उपचुनाव हो रहे हैं। प्रदेश की दोनों सीटें जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने कमर कस ली है। विजुयपुर में तो भाजपा की तरफ से लगभग रामनिवास रावत ही प्रत्याशी रहेंगे। वहीं, बुधनी में शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान सहित कई नाम चर्चा में हैं। सीएम मोहन यादव औ शिवराज सिंह चौहान सीट पर जीत का सिलसिला बरकरार रखने के लिए जोर लगा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने दोनों सीटों पर मंथन शुरू कर दिया है। कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद ही वहां नाम तय किए जाएंगे। जीतू पटवारी ने दोनों सीटों के लिए अलग-अलग टीम बना दी है। जो वहां जाकर लगातार बैठकें कर कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं।

## दबंगों ने घर में घुसकर की तोड़फोड़, मामूली विवाद में एक दर्जन लोगों ने किया हमला



**पन्ना**। ककरहटी क्षेत्र का वातावरण हमेशा से ही शांत रहा है, लेकिन इन दिनों अपराधी बेखौफ नजर आ रहे है, और उन्हें पुलिस का भी कोई ख़ौफ़ नहीं। ताजा मामला तब सामने आया जब एक घर के सामने कॉलोनी में दहशत फैलाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें करीब एक दर्जन बदमाश एक घर में मामूली विवाद के चलते तोड़फोड़ और गाली-गलौज कर दहशत फैला रहे हैं। पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय पहुंचा और मदद की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि पन्ना के ककरहटी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद लौटते समय 12 तारीख की देर रात मामूली विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि धर्मेंद्र यादव, लब्बू यादव, शंकर यादव सहित करीब एक दर्जन लोगों ने दूसरे पक्ष के रमेश विष्णु ताम्रकार के घर पर हमला कर दिया। गाली गलौज की और तोड़फोड़ की। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल है। इसमें बदमाश जमकर गाली-गलौज और तोड़-फोड़ करते नजर आ रहे हैं। परिजनों ने कोई कार्रवाई न होने के चलते पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर एसपी के नाम ज्ञापन सौंप कर मदद की गुहार लगाई है।परिजनों का कहना है कि बदमाशों द्वारा उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही परिजनों ने गोली से हवाई फायर करने के भी आरोप लगाए हैं। वहीं फ़रियादी रमेश ताम्रकार के पुत्र विष्णु ताम्रकार ने वीडियो जारी कर कार्यवाही की अपील की है। बताया कि रात में हमलावर जान से मारने की नीयत से पहुंचे, और मेरे घर और आस पास में भी दबंगई की। पुलिस में शिकायत के बाद भी हमलावर आरोपी नगर में ही खुलेआम घूम रहे हैं।

# बड़े शहरों की रेव व बड़ी पार्टियों में महंगे दामों में बिकती है एमडी ड्रग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। एमडी ड्रग बनाने वाली दो फैक्ट्रियों में करोड़ रुपये का नशा पकड़े जाने के बाद मध्य प्रदेश में नशे का कारोबार संगठित गिरोह की तरह होने का पता चला है। औद्योगिक क्षेत्रों में इसका निर्माण होता है और बाकायदा सप्लाई चेन के जरिए अवैध नशा बाजार में बिकने पहुंच जाता है। भोपाल के बाद मेघनगर में भी एक फैक्ट्री में डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा की एमडी ड्रग केंद्रीय एजेंसियों ने पकड़ी। वहां भी फार्मा फैक्ट्री की आड़ में यह काम होता था।**



एमडी ड्रग बनाने वाली दो फैक्ट्रियों में करोड़ रुपये का नशा पकड़े जाने के बाद मध्य प्रदेश में नशे का कारोबार संगठित गिरोह की तरह होने का पता चला है। औद्योगिक क्षेत्रों में इसका निर्माण होता है और बाकायदा सप्लाई चेन के जरिए अवैध नशा बाजार में बिकने पहुंच जाता है। भोपाल के बाद मेघनगर में भी एक फैक्ट्री में डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा की एमडी ड्रग केंद्रीय एजेंसियों ने पकड़ी। वहां भी फार्मा फैक्ट्री की आड़ में यह काम होता था। नशे के इस कारोबार की भनक न लगे,इसलिए मेघनगर फार्मा नामक फैक्ट्री में रात के समय इसका निर्माण किया जाता था। इसे दवाई की तरह पैक किया जाता था, ताकि इसकी बिक्री के दौरान शक न हो। एजेंसियां ड्रग बनाने वाले आरोपियों से पूछताछ में इसकी सप्लाई चेन का पता लगाने में जुटी है। दवा कारोबार से जुड़े कई लोग मुनाफे के चक्कर में इस कारोबार से भी जुड़े हुए है। अफसरों को पता चला है कि इन फैक्ट्ररियों में तैयार एमडी ड्रग पुणे, दिल्ली, मुबंई, जैसे बड़े शहरों की रेव व बड़ी पार्टियों में महंगे दामों में बिकती है। इस कारोबार से जुड़े कुछ लोगों की आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारी हो सकती है। भोपाल में पकड़ी गई 18 सौ करोड़ की फैक्ट्री में एमडी ड्रग के लिए इंदौर के पूर्वी रिंग रोड के एक ट्रेडर्स से कच्चा माल सप्लाई होता था। उसका व्यापारी भी एजेंसियों के रडार पर है। अफसर यह पता लगाने में जुटे है कि वह और कहां-कहां कच्चा माल सप्लाई करता था। एमडी ड्रग की दो फैक्ट्री मध्य प्रदेश में पकड़े जाने और एक आरोपी की उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के साथ तस्वीरें वायरल होने के बाद कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को घेर रखा है, लेकिन मोहन सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी नशे के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर चौका दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने ही सार्वजनिक रुप से इंदौर में राजस्थान के प्रतापगढ़ से नशा आने का खुलासा कर दिया। मुख्यमंत्री को भी मंच से कहना पड़ा कि अफसरों को पूरी छूट है, वे सख्त एक्शन लें।

# बारिश में बह गई मंडी में रखी सैकड़ों क्विंटल मक्का

## बिजली गिरने से दो महिलाएं घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह**। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में अचानक हुई तेज बारिश से किसानों की सैकड़ों क्विंटल मक्का की फसल पानी में बह गई। किसान अपनी फसल लेकर कृषि मंडी पहुंचे और अचानक बारिश इतनी तेज आई कि कोई बचाव के साधन नहीं जुटा पाया। पानी में मक्का बहने से एक किसान की फसल दूसरे किसान के ढेर में मिल गई। इसके अलावा तेजगढ़ थाने अंतर्गत बिजली गिरने से दो महिलाएं घायल हो गईं जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।



बता दें कि तेंदूखेड़ा ब्लॉक में मक्का की उपज बहुत ज्यादा हुई है। दूर दराज से किसान मक्का बेचने तेंदूखेड़ा कृषि मंडी ला रहे हैं। बीते दिन भी हजारों क्विंटल मक्का बिक्री के लिए मंडी आई थी। कई किसानो की मक्का बिक चुकी थी और कई की बिक्री के लिए खुले मैदान में रखी थी। इसी समय अचानक हुई तेज बारिश में सैकड़ों क्विंटल मक्का बहकर यहां-वहां फैल गई। रामादेही निवासी बबलू घोसी ने बताया कि सोमवार को कई किसान मक्का लेकर आए थे और सभी ने अपने-अपने अलग-अलग ढेर लगा दिए थे। अचानक बारिश शुरू हुई जिसमें मक्का के ढेर बह गए। किसान शिवशंकर घोसी ने बताया कि ढेर अलग-अलग किसानों के लगे थे। अचानक तेज बारिश के बाद मक्का बह गई और एक दूसरे के ढेर में मिल गए जिसमें किसानों को बड़ा नुकसान हो गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाएं घायल

तेजगढ़ थाने अंतर्गत इमलिया में बिजली गिरने से दो महिला मजदूर घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार वर्षा पति प्रताप आदिवासी 28 और लक्ष्मी पति नबल आदिवासी हरदुआ निवासी खेत में कार्य कर रही थीं। उसी समय आकाशीय बिजली गिरी और दोनों महिलाएं चपेट में आ गईं, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# गौ माता को अनूठी विदाई, बैंड-बाजे के साथ निकाली गई शवयात्रा, अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग जहां देशभर में तेजी पकड़ रही है, वहीं उज्जैन जिले में एक भावनात्मक और अनोखा दृश्य सामने आया। इसने लोगों के दिलों को छू लिया। यहां बैंड-बाजे के साथ एक गौ माता की अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसने समाज में गौ माता के प्रति एक नई सोच और श्रद्धा का संदेश दिया। यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गौ माता के प्रति प्रेम और सम्मान की मिसाल बनी। यह शव यात्रा न्यू इंदिरा नगर नीलगंगा रोड से निकाली गई जो कि मुक्तिधाम पहुंची जहां विधि विधान से अंतिम संस्कार हुआ।



18 वर्षों से गौमाता की सेवा, देखभाल करने वाले मोतीराम मकवाना, पुरुषोत्तम मकवाना ने नम आंखों से गौमाता को विदाई दी। पुरुषोत्तम मकवाना व उनके पूरे परिवार ने कहा कि हर हिंदू को गौमाता की ऐसी सेवा करना चाहिए। पुरुषोत्तम मकवाना ने कहा कि आज गौ माता की शवयात्रा सजाकर, डीजे ढोल ताशे से जय सियाराम के नारे लगाते हुए सनातन संस्कृति, रीति रिवाज अनुसार गंगा गौ माता को मुक्तिधाम ले जाकर गौ माता को धर्म के अनुसार पूजा पाठ कर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान श्री पावन धाम गोरक्षा न्यास हिंदू संगठन के अध्यक्ष लखन बाथम व पुरुषोत्तम मकवाना के साथ उनकी पूरी टीम जिसमें देवीलाल, गोपाल, राधेश्याम मकवाना, ईश्वर भाट, ठाकुर माली, किशोर राठौड़, जितेंद्र, कान्हा मालवीय, हरि, धर्मेंद्र माली, रवि सांडिया, दीपक मीणा, दीपक प्रजापत, धर्मेंद्र मालवी, रितेश पावरिया, जितेंद्र माली, रामचंद्र धनक, सुधीर पटोले, कैलाशचंद्र शर्मा, मोनू पाराशर, दिलीप पटोले, सुनील, भगवान, दयाराम मालवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संपादकीय

## आस्था के नाम हर बार हिंसा


उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भड़की हिंसा ने एक बार फिर कुछ सवाल गाढ़े कर दिए हैं। मूर्ति विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा पर पथराव और फिर उपद्रवी संघर्ष में गोली लगने से एक युवक की मौत के बाद वहां सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि उपद्रवी भीड़ पर काबू पा लिया और आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मगर इस घटना से पूरे प्रदेश और देश के दूसरे हिस्सों में जो सांप्रदायिक विद्वेष की जड़ें थोड़ी और गहरे धंस गई हैं, उसे उखाड़ना इतना आसान नहीं होगा। ऐसी हर घटना के बाद यह सवाल उठता है कि आखिर हमारा समाज धार्मिक रूप से इतना असहिष्णु कैसे और क्यों हो गया है। क्यों कुछ लोगों को हिंसा में आनंद मिलने लगा है। बहराइच की घटना न तो अकेली है और न नई। अब तो शायद ही कोई पर्व-त्योहार ऐसा गुजरता है, जो बिना हिंसा के संपन्न हो जाता हो। यह विचित्र संयोग है कि अक्सर शोभायात्राओं पर पथराव की घटना हो जाती है। उन सबकी प्रकृति लगभग एक होती है। पहले तेज ध्वनि में संगीत बजाने पर एतराज जताया जाता है, फिर पत्थर फेंका जाता है और संघर्ष होता है। इसमें कोई न कोई मारा जाता और कुछ घायल हो जाते हैं। फिर प्रशासन सख्ती दिखाता है। कायदे से धार्मिक आयोजनों, शोभायात्राओं के बारे में पुलिस को सूचित करना जरूरी होता है और आयोजन की रूपरेखा बतानी और उसके लिए अनुमति लेनी होती है। मगर कम ही आयोजक इस कायदे का पालन करते देखे जाते हैं। जो पालन करते भी हैं, वे अक्सर मनमानी करते पाए जाते हैं। हनुमान जयंती पर दिल्ली में निकली शोभायात्रा के दौरान या फिर हरियाणा के नूंह में कलशयात्रा के समय भड़की हिंसा के पीछे भी लगभग यही कारण बताए गए थे। करीब साल भर पहले मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में भी ऐसे ही उपद्रव देखे गए। मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा जैसे आयोजन लोगों की आस्था से जुड़े विषय हैं। दूसरी आस्था के लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे दूसरे धर्मों के लोगों की आस्था का भी सम्मान करें, मगर इसका अभाव लगातार बढ़ता देखा जा रहा है। फिर, सवाल यह भी है कि आस्था का यह अर्थ कबसे हो गया कि दूसरों की सुविधा-असुविधा का खयाल किए बगैर उसका प्रदर्शन किया जाए। बहराइच में अगर मामला तेज आवाज में संगीत बजाने से बिगड़ा, तो सवाल यह भी है कि वहां अगर धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर लगाने पर रोक है, तो फिर शोभायात्रा में इस बात का ध्यान रखना क्यों जरूरी नहीं समझा जाता। इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों से जब आस्था का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिशें तेज हुई हैं, तबसे उपद्रव और हिंसक संघर्ष अधिक बढ़े हैं। जब खुद राजनेता और धार्मिक नेता सार्वजनिक मंचों से लोगों को धार्मिक आधार पर एकजुट होने और हिंसा करने को उकसाते देखे-सुने जाते हैं, तो आम लोगों पर उसका प्रभाव नकारा नहीं जा सकता। उत्तर प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था के मामले में सख्त रुख अपनाने का दावा करती है, मगर पूछा जा सकता है कि आखिर ऐसा क्यों है कि वहां जब-तब इस तरह का सांप्रदायिक तनाव उभर आता है। बेहतर कानून-व्यवस्था की कसौटी राज्य में आपराधिक घटनाओं पर नकेल कसने के अलावा, धार्मिक और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना भी होती है।

### अर्ज किया है..!

*बलाएँ ले रहा हूँ*
*इस ज़मीं के ज़र्रे ज़र्रे की*
*लुटा था जिस जगह*
*राह-ए-वफ़ा में कारवाँ मेरा*

– महशर लखनवी

isha



**आपकी नियति, आपके सारे कार्यों और आपके द्वारा ग्रहण किए गए प्रभावों का इकट्ठा परिणाम है।**

– जग्गी वासुदेव

## ज्ञान-विज्ञान

◆ स्पेसक्राफ्ट आर्मी से न्यूक्लियर डिवाइस तक का इस्तेमाल...

# नासा ने बताया विनाशकरी एस्टेरॉयड से धरती को बचाने का प्लान



अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने पृथ्वी को एस्टेरॉयड की वजह से आने वाली किसी संभावित आपदा से बचाने के लिए एक अहम प्लान तैयार किया है। नासा ने 'ग्रहों को नष्ट करने वाले' एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रहों) का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीति जारी की है, जो 66 मिलियन वर्ष पहले डायनासोर को खत्म करने वाली विलुप्ति की घटना से प्रेरित है। नासा ने बताया है कि कैसे परमाणु से लेकर स्पेसक्राफ्ट तक का इस्तेमाल एस्टेरॉयड से बचाव में किया जाएगा।

टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, नासा की रणनीति में नियर अर्थ ऑब्जेक्ट (एनईओ) के खतरे और एनईओ से बचाव के लिए बहुआयामी नजरिया पेश किया गया है। निकट भविष्य में पृथ्वी को किसी क्षुद्रग्रह से खतरा नहीं है। इसके बावजूद नासा सबसे खराब स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है, जिससे किसी भी खतरे को टाला जा सके।

एस्टेरॉयड को रोकने के लिए क्या होंगे विकल्प?

रिपोर्ट के मुताबिक, नासा के प्लान में एक विकल्प के तौर पर पृथ्वी की ओर बढ़ते क्षुद्रग्रह को रोकने या उसका रास्ता बदलने के लिए स्पेसक्राफ्ट की 1,000 आर्मी भेजना शामिल है। इससे भी बड़ा खतरा होने की स्थिति में नासा परमाणु समाधान पर भी विचार कर रहा है। ये ऐसा ही होगा, जैसा 1998 की फिल्म 'आर्मगेडन' में दिखाया गया था। इस विकल्प में पृथ्वी से टकराव के रास्ते पर आने वाले क्षुद्रग्रह को तोड़ने के लिए एक न्यूक्लियर डिवाइस का इस्तेमाल होगा।

नासा ने 2022 में डबल एस्टेरॉयड रीडायरेक्शन टेस्ट (DART) मिशन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसमें एक अंतरिक्ष यान को एक गैर-खतरनाक क्षुद्रग्रह से टकराकर इसके रास्ते को बदल दिया गया। इसने नासा की खतरनाक अंतरिक्ष चट्टानों का रास्ता बदलने की क्षमता को दिखाया। डीएआरटी नासा की रक्षा की पहली पंक्ति में शामिल हैं।

### ◆ परमाणु विस्फोट का सहारा लेगा नासा!

रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी स्थितियों में जहां किसी क्षुद्रग्रह का पता देर से लगता है और कार्रवाई के लिए कम समय होता है, वहां नासा परमाणु विस्फोटकों का सहारा ले सकता है। परमाणु विस्फोट इसका रास्ता बदल सकता है या इसे तोड़ सकता है। इससे एक बड़े संकट को टाला जा सकता है। एस्टेरॉयड आंतरिक सौर मंडल के छोटे ग्रह हैं । इनको हिन्दी में क्षुद्रग्रह भी कहते हैं। एस्टेरॉयड पृथ्वी के करीब आने पर एक बड़ा नुकसान कर सकते हैं।

New Delhi

# आंध्र-तमिलनाडु के कई हिस्सों और बेंगलुरु में भारी बारिश; स्कूलों में छुट्टी, कई ट्रेनें और उड़ानें रद्द

**चेन्नई/बेंगलूरू/अमरावती, (एजेंसी)** तमिलनाडु में चेन्नई समेत अन्य जगहों पर भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त हो गया। कॉलोनियों से लेकर सड़कों तक घुटनों भर पानी भर गया। सड़क से लेकर ट्रेन और हवाई यातायात व्यवस्था चरमरा गई। कई ट्रेनें और उड़ानें रद्द करनी पड़ी। मौसम विभाग ने अगले दो दिन राज्य में भारी बारिश की चेतावनी दी है और कहा कि कम दबाव का क्षेत्र अवदाब में बदल गया है और इसके 17 अक्टूबर को सुबह चेन्नई तट से गुजरने की संभावना है।

चेन्नई शहर समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में बस सेवा बाधित हुई। दक्षिण रेलवे ने चेन्नई सेंट्रल-मैसूरी कावेरी एक्सप्रेस समेत चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करने और कई



अन्य के मार्ग परिवर्तित करने की घोषणा की। कई घरेलू उड़ानों को इसलिए रद्द करना पड़ा क्योंकि सड़क पर पानी भरे होने की वजह से पर्याप्त संख्या में यात्री एयरपोर्ट पहुंच ही नहीं सके।

आईएमडी की चेतावनी के बाद राज्य सरकार ने चेन्नई, तिरुवलुर, कांचीपुरम और चेंगलपेट जिलों में 16 अक्तूबर को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी स्कूल-कॉलेज और सरकारी दफ्तरों में अवकाश की घोषणा कर दी है। विभिन्न जिलों में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की देखरेख में राहत शिवर स्थापित किए गए हैं।

बंगलूरू में भी भारी बारिश

कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। कई इलाकों में पानी भरने से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई।

Bihar

# बिहार में जहरीली शराब का कहर, छपरा में एक की गई जान दो की आंख की रोशनी खत्म

## सीवान में 3 की संदेहास्पद मौत



**छपरा, (एजेंसी) बिहार में जहरीली शराब ने एक बार फिर कहर बरपाया है। जानकारी के मुताबिक सारण जिले के छपरा में एक शख्स की मौत के बाद जहरीली शराब पीने से हुई है। जिले के मशरक के बराहींपुर गांव में मंगलवार की रात शराब पीने से एक युवक की मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक, जहरीली शराब की वजह से दो लोगों की आंख की रोशनी भी छिन गई है। इधर सारण की सीमा से सटे सीवान जिले के भगवानपुर प्रखंड के बेलासपुर में भी 3 की मौत की चर्चा है।**

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, जिले के भगवानपुर थाने के कौड़ियां गांव में मंगलवार की रात 3 लोगों की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। पुलिस ने 2 शव बरामद किए हैं। कहा जा रहा है कि 1 शख्स के शव को परिजनों ने जला दिया है। परिजन जहरीली शराब पीने से मौत होने का आरोप लगा रहे हैं। यहां डीएम-एसपी जांच के लिए घटनास्थल पर रवाना हो चुके हैं। अभी प्रशासन इन मौतों की गहराई से जांच-पड़ताल कर रहा है।

New Delhi

# गाजियाबाद में नौकरानी अपने पेशाब से बनाती थी कारोबारी के घर पर खाना, करतूत सीसीटीवी में कैद

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे गाजियाबाद से सामने आई इस खबर को पढ़कर आप हैरान हो जाएंगे। एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर काम करने वाली नौकरानी परिवार को अपने पेशाब से खाना बनाकर खिलाती रही। जब इस पूरे परिवार को लीवर की बीमारी हुई तो उन्हें कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसके बाद सीसीटीवी में नौकरानी की शर्मनाक हरकत कैद हो गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी नौकरानी गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नौकरानी कई सालों से ऐसा कर रही थी। क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की एक सोसाइटी में रियल एस्टेट कारोबारी परिवार के साथ रहते हैं। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कारोबारी की पत्नी ने बताया कि उनके घर में शांतिनगर निवासी रीना बतौर नौकरानी करीब 8 साल से काम करती थी। घर में चौका-बर्तन के अलावा परिवार का खाना भी वही बनाती थी। कारोबारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से परिवार के लोग लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगे।

Uttarpradesh

# 10 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या के आरोपी का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

**प्रयागराज, (एजेंसी)** यूपी के प्रयागराज में 10 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या के आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी को पुलिस एनकाउंटर में पैर में गोली लगी है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान हुई. मासूम आखिरी बार उसी के साथ दिखी थी।

मालूम हो कि वारदात दो हफ्ते पहले की है जब मासूम घर से निकली थी. लेकिन देर रात होने के बाद भी वापस नहीं लौटी. ऐसे में परिजन उसकी तलाश में जुट गए. अगले दिन ग्रामीणों ने बच्ची का शव धान के खेत में पड़ा देखा. वारदात की सूचना मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी की तलाश में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले. आरोपी की पहचान होने के बाद बीती रात जब उसकी घेराबंदी करनी चाही तो उसने पुलिस



पर फायरिंग कर दी. जिसपर पुलिस ने भी जवाब फायरिंग की. इस दौरान एक गोली आरोपी के पैर में लग गई. पुलिस के मुताबिक, आरोपी मुकेश को फिलहाल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है. जहां उपचार के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा. डीसीपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि कुछ दिन पहले मासूम बच्ची का शव धान के खेत में मिला था. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया.

खेल

## वुमेन्स टी20 वर्ल्ड कप

# सेमीफाइनल की चारों टीमों का ऐलान 3 मैच जीतकर भी इंग्लैंड बाहर




**नई दिल्ली।** ICC Women's T20 World Cup 2024 के आखिरी लीग मैच के साथ ये पता चला कि कौन सी चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और किस टीम का किस टीम से सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच ग्रुप स्टेज का अंतिम मुकाबला खेला गया। इस मैच में जैसे ही इंग्लैंड की पारी खत्म हुई। वैसे ही इस बात का ऐलान हो गया कि साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर लिया है। पहली पारी के बाद ये भी तय हो गया था कि इंग्लैंड वर्सेस वेस्टइंडीज मैच को जो टीम जीतेगी, उसको भी सेमीफाइनल का टिकट मिलेगा और कैरेबियाई टीम ने करिश्माई जीत दर्ज करके टॉप 4 में जगह बना ली।

बता दें कि ग्रुप ए से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने पहले ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया था, लेकिन ग्रुप बी की तस्वीर आखिरी मैच की पहली पारी तक साफ नहीं हुई थी। पहला पारी के बाद ये तो पता चल गया था कि साउथ अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई है, लेकिन दूसरी पारी के बाद पता चला कि ग्रुप बी से साउथ अफ्रीका के साथ वेस्टइंडीज ने भी टॉप 4 के लिए क्वॉलिफाई किया है। वेस्टइंडीज नंबर वन है तो उसे ग्रुप ए की दूसरे नंबर की टीम न्यूजीलैंड से भिड़ना होगा और साउथ अफ्रीका की टक्कर चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगी। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को दुबई में खेला जाएगा और दूसरा सेमीफाइनल शारजाह में वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच 18 अक्टूबर को आयोजित होगा।

सिनेमा

# स्पाई थ्रिलर करने वाले एक्टर्स पर तापसी पन्नू ने साधा निशाना; 'मैंनें इतने साल पहले...'



बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू उन कलाकारों में से एक हैं जिन्हे बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाना जाता है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू ने स्पाई थ्रिलर फिल्में करने वाले एक्टर्स पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब हर कोई स्पाई थ्रिलर करना चाहता है, वो बहुत सालों पहले ही कर चुकी हैं। तापसी पन्नू जल्द ही एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगी। तापसी ने इंटरव्यू के दौरान अपनी आनेवाली फिल्म को लेकर भी बात की। न्यूज एक्स से बातचीत के दौरान तापसी से एक्शन थ्रिलर फिल्मों में वापसी को लेकर सवाल हुआ। इस सवाल के जवाब में तापसी ने बताया कि कैसे उन्होंने तब एक्शन स्पाई थ्रिलर में काम किया था जब वो फैशन में नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'अब, हर कोई स्पाई थ्रिलर फिल्में करना चाहता है। मैंने इतने साल पहले वो कर ली थी कि अगर अब मैं दोबारा वो करूंगी तो अजीब लगेगा; आप खुद को रिपीट क्यों कर रही हैं? मैंने कुछ ऐसा किया जो उस समय बहुत उल्लेखनीय था। मैं उसे दोबारा छूना नहीं चाहती, खराब नहीं करना चाहती। मैं बहुत साफ हूं कि अगर मुझे एक्शन थ्रिलर ही करनी होगी तो मैं किसी और दुनिया में जाउंगी।'

## Highlights

1. Every Indian owes you a debt: Ratan Tata wrote in handwritten letter to ex-PM Narasimha Rao

2. Man accused of abducting, killing man for Delhi property gets bail

3. Hit on Munawar was ordered by Lawrence Bishnoi's UK-based aide Godara: Report

4. Chanting 'Jai Shri Ram' in mosque doesn't hurt religious feelings: Karnataka HC

5. Hoax bomb threats ground 10 Indian flights in 2 days; govt calls high-level meeting

# SBI cuts loan interest rate by 25 bps on this short-term tenure: Check latest lending rates




**NEW DEIHI, (Agency).** The State Bank of India (SBI) announced its latest marginal cost of funds-based lending rate (MCLR) on loans. With this, SBI has reduced the interest rate of one MCLR tenure by 25 basis points (bps) while other rates remain unchanged. The revised MCLR became effective from October 15.

What are the latest SBI MCLR loan interest rates?

The MCLR-based rates have been adjusted to fall within the range of 8.20% to 9.1%.

The overnight MCLR is at 8.20%, rate for one-month is reduced from 8.45% to 8.20%, six-month MCLR has been set at 8.85%, one-year MCLR has been revised at 8.95%, two-year MCLR is at 9.05% and three-year MCLR is at 9.1%.

What about other SBI lending rates?

SBI base rate is at 10.40%, Benchmark Prime Lending Rate (BPLR) has been revised as 15.15% per annum from September 15, SBI home loan External Benchmark Lending Rate (EBLR) is 9.15%.

On home loans, interest rates can vary between 8.50% to 9.65% depending on the CIBIL score of the borrower.

The SBI home loan website noted, “In the event of change in benchmark rate (REPO), the interest rate in Home / Home Related Loan account will also undergo change. Upward revision in the Repo Rate will result in consequent increase of interest rate in the Home / Home related loan."

# Reliance misses profit estimate on poor show by energy units

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Ltd., controlled by billionaire Mukesh Ambani, reported profit that again missed analysts’ estimates, as weak margins from its core oil refining business outweighed the benefits trickling in from higher telecom tariffs.

Net income at India’s largest company by market value slipped 4.8% to 165.6 billion rupees ($2 billion) for the quarter ended Sept. 30 compared with the same period last year, according to an exchange filing Monday. That fell short of the 188.14 billion rupees average of analyst



estimates compiled by Bloomberg, making this the sixth straight quarter of earnings miss.

The refining-to-retail conglomerate reported a revenue to 2.35 trillion rupees, meeting estimates. Total costs climbed 1.4% to 2.15 trillion rupees, the filing said. Other income surged 27% to 48.8 billion rupees.

“Our performance reflects robust growth in digital services and upstream business,” Ambani said in a statement. “This helped partially offset weak contribution from oil-to-chemicals business which was impacted by unfavorable global demand-supply dynamics.”

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक